| Test Booklet No.<br>परीक्षण पुस्तिका सं. | **Subject : POLITICAL SCIENCE**<br>**Code : 323 EH**<br>**Medium : English and Hindi** | Test Booklet Code<br>परीक्षण पुस्तिका कोड<br>**C** |
|---|---|---|

**(Do not open this Test Booklet until you are asked to do so)**

**(इस परीक्षण पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे ऐसा करने के लिए न कहा जाए)**

| *Time Allowed : **45** minutes*<br>*निर्धारित समय : **45** मिनट* | *Maximum Marks : **200***<br>*अधिकतम अंक : **200*** | *Total Questions : **50***<br>*कुल प्रश्न : **50*** | *Number of questions to be answered : **40***<br>*उत्तर दिए जाने वाले प्रश्नों की संख्या : **40*** |
|---|---|---|---|

**Kindly read the Instructions given on this Page and Back Page carefully before attempting this Question Paper.**

**कृपया इस प्रश्न-पत्र को हल करने से पहले इस पृष्ठ और अंतिम पृष्ठ पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़े।**

***Important Instructions for the Candidates :***

1. This Test Booklet contains **50** questions printed in English and Hindi. Out of these, the candidate is required to answer any **40** questions. If a candidate answers more than 40 questions, the first 40 answered questions will be considered for evaluation.
2. When you are given the OMR Answer Sheet, fill in your particulars on it carefully with **blue/black** ball point pen only.
3. Use only Blue/Black Ball Point Pen for marking responses.
4. The CODE for this Test Booklet is **C**. Make sure that the CODE printed on the OMR Answer Sheet is the same as that on this Test Booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and OMR Answer Sheet No. are exactly the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the OMR Answer Sheet. No claim in this regard will be entertained after five minutes from the start of the examination.
5. Before attempting the question paper kindly check that this Test Booklet has total **28** pages and OMR Answer Sheet consists of one sheet. At the start of the examination within first five minutes, candidates are advised to ensure that all pages of Test Booklet and OMR Answer Sheet are properly printed and they are not damaged in any manner.
6. Each question has four answer options. Out of these four options choose the **MOST APPROPRIATE OPTION** and darken/blacken the corresponding circle on the OMR Answer Sheet with a Blue/Black Ball Point Pen.
7. Five (5) marks will be given for each correct answer. One (1) mark will be deducted for each incorrect answer. If more than one circle is found darkened/blackened for a question, then it will be considered as an incorrect answer. Unanswered questions will be given no mark.

P.T.O.

***परीक्षार्थियों के लिए महत्त्वपूर्ण निर्देश :***

1. इस परीक्षण पुस्तिका में **50** प्रश्न अंग्रेज़ी और हिन्दी में मुद्रित हैं। परीक्षार्थी को इनमें से किन्हीं **40** प्रश्नों के उत्तर देना आवश्यक है। यदि परीक्षार्थी 40 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देता है, तो पहले 40 उत्तरित प्रश्न मूल्यांकन हेतु विचार किए जाएँगे।
2. जब आपको ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक दिया जाता है तो उस पर केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से अपने विवरण ध्यानपूर्वक भरें।
3. उत्तर अंकित करने के लिए केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन का ही उपयोग करें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका का **कोड C** है। यह सुनिश्चित कर लें कि ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर मुद्रित **कोड** बिलकुल वही है, जो इस परीक्षण पुस्तिका पर मुद्रित कोड है। यह भी सुनिश्चित कर लें कि आपकी परीक्षण पुस्तिका संख्या बिलकुल वही है, जो ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक संख्या है। यदि ये अलग-अलग हैं, तो परीक्षार्थी तुरंत इसकी जानकारी निरीक्षक को दे कर उनसे परीक्षण पुस्तिका और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक दोनों बदल कर ले लें। परीक्षा शुरू हो कर पाँच मिनट बीत जाने के बाद इस संबंध में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।
5. प्रश्न-पत्र को हल करना शुरू करने से पहले यह जाँच लें कि इस परीक्षण पुस्तिका में कुल **28** पृष्ठ हैं और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में एक ही पत्रक है। परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है, कि परीक्षा शुरू होने पर, पहले पाँच मिनटों के अन्दर, यह सुनिश्चित कर लें कि परीक्षण पुस्तिका के सभी पृष्ठ और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक ठीक से मुद्रित हैं और वे किसी भी प्रकार से क्षतिग्रस्त नहीं हैं।
6. प्रत्येक प्रश्न में चार उत्तर विकल्प हैं। इन चारों विकल्पों में से **सबसे उपयुक्त विकल्प** को चुनें और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर उससे संगत वृत्त को नीले/काले बॉल पॉइंट पेन से गहरा/काला करके भरें।
7. प्रत्येक सही उत्तर के लिए पाँच (5) अंक दिए जाएँगे। प्रत्येक ग़लत उत्तर के लिए एक (1) अंक काटा जाएगा। यदि एक प्रश्न के लिए एक से अधिक वृत्त गहरे/काले पाए जाते हैं, तो उसे ग़लत उत्तर माना जाएगा। अनुत्तरित प्रश्नों के लिए कोई अंक नहीं दिया जाएगा।

कृ.पृ.प.

Name of the Candidate (in Capital Letters) : ____________________
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :

Application Number (in figures) : ____________________
आवेदन संख्या (अंकों में) :

Roll Number (in figures) : ____________________
अनुक्रमांक (अंकों में) :

Centre of Examination (in Capital Letters) : ____________________
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में) :

Candidate's Signature : ____________ Invigilator's Signature : ____________
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : निरीक्षक के हस्ताक्षर :

Facsimile signature stamp of Centre Superintendent : ____________________
केन्द्र अधीक्षक की हस्ताक्षर मोहर :

**1.** Who among the following entered into Standstill Agreement with India in November 1947 ?

(1) Maharaja of Manipur

(2) Nizam of Hyderabad

(3) Nawab of Junagadh

(4) Maharaja of Kashmir

**2.** Which of the following Princely States were reluctant to sign the Instrument of Accession with India ?

(1) Tamil Nadu, Gujarat, Punjab

(2) Kerala, Hyderabad, Bombay

(3) Assam, Goa, Tripura

(4) Hyderabad, Junagadh, Kashmir

**3.** The 'two-nation theory' was advanced by which of the following party ?

(1) Janata Dal

(2) Muslim League

(3) Socialist Party

(4) Swatantra Party

**4.** Who was known as 'Frontier Gandhi' ?

(1) Mahatma Gandhi

(2) Sardar Patel

(3) Khan Abdul Ghaffar Khan

(4) Potti Sriramulu

---

**1.** निम्नलिखित में से किसने नवंबर 1947 में भारत के साथ यथास्थिति बहाल रखने का समझौता किया ?

(1) मणिपुर के महाराजा

(2) हैदराबाद के निज़ाम

(3) जूनागढ़ के नवाब

(4) कश्मीर के महाराजा

**2.** निम्नलिखित में से कौन-सी रियासतें भारत के साथ विलय के दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर करने के लिए अनिच्छुक थीं ?

(1) तमिलनाडु, गुजरात, पंजाब

(2) केरल, हैदराबाद, बॉम्बे

(3) असम, गोवा, त्रिपुरा

(4) हैदराबाद, जूनागढ़, कश्मीर

**3.** 'द्वि-राष्ट्र सिद्धांत' निम्नलिखित में से किस पार्टी द्वारा आगे बढ़ाया गया था ?

(1) जनता दल

(2) मुस्लिम लीग

(3) समाजवादी पार्टी

(4) स्वतंत्र पार्टी

**4.** 'फ्रंटियर गाँधी' (सीमांत गाँधी) के नाम से किसे जाना जाता था ?

(1) महात्मा गाँधी

(2) सरदार पटेल

(3) खान अब्दुल गफ़्फ़ार खान

(4) पोट्टी श्रीरामुलु

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**5.** Match **List-I** with **List-II** :

| List-I | | List-II | |
|---|---|---|---|
| (A) | S.A. Dange | (I) | Bharatiya Jana Sangh |
| (B) | Shyama Prasad Mukherjee | (II) | Swatantra Party |
| (C) | Minoo Masani | (III) | Praja Socialist Party |
| (D) | Ashok Mehta | (IV) | Communist Party of India |

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A) - (IV), (B) - (I), (C) - (II), (D) - (III)

(2) (A) - (I), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (IV)

(3) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (III)

(4) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

**6.** Who was the leader of the anti-caste movement and the founder of Independent Labour Party ?

(1) Acharya Narendra Dev

(2) Rafi Ahmed Kidwai

(3) A.K. Gopalan

(4) Babasaheb Bhimrao Ambedkar

**7.** Who among the following was known as the ''Milkman of India'' ?

(1) Arun Krishna

(2) Muljibhai Patel

(3) Verghese Kurien

(4) M.S. Swaminathan

**8.** *Statement I :* The Second Five Year Plan stressed on heavy industries.

*Statement II :* A bulk of industries like electricity, railways, steel could be developed by the private sector.

(1) Both Statement I and Statement II are correct

(2) Both Statement I and Statement II are incorrect

(3) Statement I is correct, but Statement II is incorrect

(4) Statement I is incorrect, but Statement II is correct

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**5.** **सूची-I** और **सूची-II** का मिलान करें :

| **सूची-I** | | **सूची-II** | |
|---|---|---|---|
| (A) | एस.ए. डांगे | (I) | भारतीय जनसंघ |
| (B) | श्यामा प्रसाद मुखर्जी | (II) | स्वतंत्र पार्टी |
| (C) | मीनू मसानी | (III) | प्रजा समाजवादी पार्टी |
| (D) | अशोक मेहता | (IV) | भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (A) - (IV), (B) - (I), (C) - (II), (D) - (III)

(2) (A) - (I), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (IV)

(3) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (III)

(4) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

**6.** जाति-विरोधी आंदोलन के नेता और इंडिपेंडेंट लेबर पार्टी के संस्थापक कौन थे ?

(1) आचार्य नरेंद्र देव

(2) रफी अहमद किदवई

(3) ए.के. गोपालन

(4) बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर

**7.** निम्नलिखित में से किसे ''मिल्कमैन ऑफ इंडिया'' के रूप में जाना जाता था ?

(1) अरुण कृष्ण

(2) मुल्जीभाई पटेल

(3) वर्गीज कुरियन

(4) एम.एस. स्वामीनाथन

**8.** *कथन I :* द्वितीय पंचवर्षीय योजना में भारी उद्योगों पर ज़ोर दिया गया।

*कथन II :* बिजली, रेलवे, इस्पात जैसे उद्योगों का एक बड़ा हिस्सा निजी क्षेत्र द्वारा विकसित किया जा रहा था।

(1) कथन I और कथन II दोनों सही हैं

(2) कथन I और कथन II दोनों ग़लत हैं

(3) कथन I सही है, किन्तु कथन II ग़लत है

(4) कथन I ग़लत है, किन्तु कथन II सही है

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**9.** The Second Five Year Plan was drafted under the leadership of _______________ .

(1) K.N. Raj

(2) P.C. Mahalanobis

(3) J.C. Kumarappa

(4) P.C. Mahapatra

**10.** Which of the following treaty was rejected by India as discriminatory as it prevented only non-nuclear countries from acquiring nuclear weapons ?

(1) Intermediate Range Nuclear Force Treaty

(2) Non Proliferation Treaty

(3) Strategic Arms Reduction Treaty

(4) Strategic Offensive Reduction Treaty

**11.** Where was the first summit of the NAM (Non-Alignment Movement) held ?

(1) Bengaluru

(2) Belgrade

(3) Belgium

(4) Belarus

**12.** The Shimla Agreement of 1972 was signed between India and which of the following countries ?

(1) Nepal (2) Pakistan

(3) China (4) Bangladesh

**13.** Who proposed in 1963 that all senior Congressman should resign from office to make way for younger party workers ?

(1) S. Nijalingappa (2) V.V. Giri

(3) K. Kamaraj (4) Indira Gandhi

**14.** Who gave the strategy of 'Non-Congressism' ?

(1) Ram Manohar Lohia

(2) C. Natarajan Annadurai

(3) K. Kamaraj

(4) Karpoori Thakur

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**9.** द्वितीय पंचवर्षीय योजना का मसौदा ____________ के नेतृत्व में तैयार किया गया था।

(1) के.एन. राज

(2) पी.सी. महालनोबिस

(3) जे.सी. कुमारप्पा

(4) पी.सी. महापात्रा

**10.** निम्नलिखित में से किस संधि को भारत ने भेदभावपूर्ण बताते हुए खारिज कर दिया था क्योंकि यह केवल ग़ैर-परमाणु देशों को परमाणु हथियार प्राप्त करने से रोकती थी ?

(1) मध्यवर्ती दूरी परमाणु बल संधि (इंटरमीडिएट रेंज न्यूक्लीयर फोर्स ट्रीटी)

(2) अप्रसार संधि (NPT)

(3) सामरिक हथियार कटौती संधि (SART)

(4) रणनीतिक आक्रामक कटौती संधि (SORT)

**11.** एन.ए.एम. (NAM) (गुट निरपेक्ष आंदोलन) का प्रथम शिखर सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था ?

(1) बेंगलुरू

(2) बेलग्रेड

(3) बेल्जियम

(4) बेलारूस

**12.** 1972 के शिमला समझौते पर भारत और निम्नलिखित में से किस देश के बीच हस्ताक्षर किए गए थे ?

(1) नेपाल (2) पाकिस्तान

(3) चीन (4) बांग्लादेश

**13.** किसने 1963 में प्रस्ताव दिया था कि सभी वरिष्ठ काँग्रेसियों को युवा पार्टी कार्यकर्ताओं हेतु मार्ग प्रशस्त करने के लिए पद से इस्तीफा दे देना चाहिए ?

(1) एस. निजलिंगप्पा (2) वी.वी. गिरी

(3) के. कामराज (4) इंदिरा गाँधी

**14.** 'ग़ैर-काँग्रेसवाद' की रणनीति किसने दी ?

(1) राम मनोहर लोहिया

(2) सी. नटराजन अन्नादुरई

(3) के. कामराज

(4) कर्पूरी ठाकुर

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**15.** The Mandal Commission was appointed by________________ Government at the Centre.

(1) Indian National Congress Party

(2) Bharatiya Janata Party

(3) Janata Party

(4) Samajwadi Party

**16.** In 1974, nationwide strike by all the employees of the Railways was led by which of the following leaders ?

(1) Jayaprakash Narayan

(2) Charu Majumdar

(3) George Fernandes

(4) Indira Gandhi

**17.** Which of the following political party led the movement for the formation of Punjabi Suba ?

(1) Congress

(2) Lok Dal

(3) Akali Dal

(4) CPI

**18.** Who among the following led the Anti Brahmin movement, worked for the Justice Party and also founded Dravidar Kazhagam ?

(1) A.K. Gopalan

(2) E.V. Ramasami Naicker

(3) K. Kamaraj

(4) Potti Sriramulu

**19.** What does BAMCEF stand for ?

(1) Backward and Muslim Communities Employees Federation

(2) Backward and Minority Communities Education Federation

(3) Backward and Minority Communities Employees Federation

(4) Backward and Majority Communities Employees Federation

---

**15.** मंडल आयोग को केंद्र में ________________ सरकार द्वारा नियुक्त किया गया था।

(1) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस पार्टी

(2) भारतीय जनता पार्टी

(3) जनता पार्टी

(4) समाजवादी पार्टी

**16.** 1974 में, रेलवे के सभी कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रव्यापी हड़ताल का नेतृत्व निम्नलिखित में से किस नेता ने किया था ?

(1) जयप्रकाश नारायण

(2) चारू मजूमदार

(3) जॉर्ज फर्नांडीस

(4) इंदिरा गाँधी

**17.** निम्नलिखित में से किस राजनीतिक दल ने पंजाबी सूबा के गठन के लिए आंदोलन का नेतृत्व किया ?

(1) काँग्रेस

(2) लोक दल

(3) अकाली दल

(4) सीपीआई

**18.** निम्नलिखित में से किसने ब्राह्मण विरोधी आंदोलन का नेतृत्व किया, जस्टिस पार्टी के लिए काम किया और द्रविड़ कड़गम की स्थापना भी की ?

(1) ए.के. गोपालन

(2) ई.वी. रामासामी नायकर

(3) के. कामराज

(4) पोट्टी श्रीरामुलु

**19.** बी.ए.एम.सी.ई.एफ. का क्या अर्थ है ?

(1) पिछड़ा और मुस्लिम समुदाय कर्मचारी संघ

(2) पिछड़ा और अल्पसंख्यक समुदाय शिक्षा संघ

(3) पिछड़ा और अल्पसंख्यक समुदाय कर्मचारी संघ

(4) पिछड़ा और बहुसंख्यक समुदाय कर्मचारी संघ

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**20.** Match **List-I** with **List-II** :

| | **List-I (Prime Minister)** | | **List-II (Period)** |
|---|---|---|---|
| (A) | H.D. Deve Gowda | (I) | May 2004 – May 2014 |
| (B) | I.K. Gujral | (II) | June 1996 – April 1997 |
| (C) | V.P. Singh | (III) | April 1997 – March 1998 |
| (D) | Manmohan Singh | (IV) | December 1989 – November 1990 |

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A) - (II), (B) - (III), (C) - (IV), (D) - (I)

(2) (A) - (I), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (IV)

(3) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (III)

(4) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

**21.** Who was the founder of Bahujan Samaj Party ?

(1) Mayawati

(2) B.R. Ambedkar

(3) Jagjivan Ram

(4) Kanshi Ram

**22.** The model of transition in Russia, Central Asia and East Europe that was influenced by World Bank and the IMF came to be known as :

(1) Current Therapy

(2) Shock Therapy

(3) Fiscal Therapy

(4) Glasnost

**20.** **सूची-I** और **सूची-II** का मिलान करें :

| | **सूची-I (प्रधानमंत्री)** | | **सूची-II (अवधि)** |
|---|---|---|---|
| (A) | एच.डी. देवगौड़ा | (I) | मई 2004 – मई 2014 |
| (B) | आई.के. गुजराल | (II) | जून 1996 – अप्रैल 1997 |
| (C) | वी.पी. सिंह | (III) | अप्रैल 1997 – मार्च 1998 |
| (D) | मनमोहन सिंह | (IV) | दिसंबर 1989 – नवंबर 1990 |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (A) - (II), (B) - (III), (C) - (IV), (D) - (I)

(2) (A) - (I), (B) - (III), (C) - (II), (D) - (IV)

(3) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (III)

(4) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

**21.** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कौन थे ?

(1) मायावती

(2) बी.आर. अम्बेडकर

(3) जगजीवन राम

(4) कांशीराम

**22.** रूस, मध्य एशिया और पूर्वी यूरोप में संक्रमण का मॉडल जो विश्व बैंक और आईएमएफ से प्रभावित था किस रूप में जाना जाने लगा ?

(1) वर्तमान उपचार

(2) शॉक थेरेपी

(3) फिस्कल थेरेपी

(4) ग्लासनोस्त

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**23.** In which year was Mikhail Gorbachev elected as the General Secretary of the Communist Party of the Soviet Union ?

(1) 1982

(2) 1983

(3) 1984

(4) 1985

**24.** Which of the following countries have ***not*** accepted Euro as the common currency ?

(1) Denmark and Sweden

(2) Spain and Portugal

(3) Greece and Germany

(4) France and Austria

**25.** The ASEAN Regional Forum (ARF) established in 1994, is the organization that carries out the coordination of :

(1) Trade and Finance

(2) Friendship and Solidarity

(3) Security and Foreign Policy

(4) Investment and Labour

**26.** Which of the following nations adopted an 'Open Door' policy and economic reforms in 1978 ?

(1) South Korea

(2) China

(3) USA

(4) Japan

**27.** In 1966, who made the six-point proposal for the greater autonomy of East Pakistan ?

(1) Jawaharlal Nehru

(2) Sheikh Mujib-ur-Rahman

(3) General Yahya Khan

(4) Zulfikar Ali Bhutto

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**23.** मिखाइल गोर्बाचेव को किस वर्ष सोवियत संघ की कम्युनिस्ट पार्टी का महासचिव चुना गया था ?

(1) 1982

(2) 1983

(3) 1984

(4) 1985

**24.** निम्नलिखित में से किस देश ने यूरो को सामान्य मुद्रा के रूप में स्वीकार ***नहीं*** किया है ?

(1) डेनमार्क और स्वीडन

(2) स्पेन और पुर्तगाल

(3) ग्रीस और जर्मनी

(4) फ्रांस और ऑस्ट्रिया

**25.** 1994 में स्थापित आसियान क्षेत्रीय मंच (ए.आर.एफ.) वह संगठन है जो समन्वय करता है :

(1) व्यापार और वित्त

(2) मित्रता और एकजुटता

(3) सुरक्षा और विदेश नीति

(4) निवेश और श्रम

**26.** निम्नलिखित में से किस देश ने 1978 में 'ओपन डोर' नीति और आर्थिक सुधारों को अपनाया ?

(1) दक्षिण कोरिया

(2) चीन

(3) यू.एस.ए.

(4) जापान

**27.** 1966 में, पूर्वी पाकिस्तान की बृहत् स्वायत्तता के लिए छह सूत्री प्रस्ताव किसने दिया था ?

(1) जवाहरलाल नेहरू

(2) शेख मुजीब-उर-रहमान

(3) जनरल याह्या खान

(4) ज़ुल्फिकार अली भुट्टो

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**28.** Which of the following countries joined SAARC in the year 2007 ?

(1) Bhutan

(2) Nepal

(3) Afghanistan

(4) Bangladesh

**29.** Which of the following countries is ***not*** included in South Asia ?

(1) Pakistan

(2) China

(3) Bangladesh

(4) Nepal

**30.** At the Yalta Conference, the 'Big Three' decided to organise a United Nations Conference on the proposed world organisation. The 'Big Three' stood for :

(1) Roosevelt, Churchill and Krushchev

(2) Roosevelt, Churchill and Stalin

(3) Deng Xiaoping, Churchill and Stalin

(4) Kennedy, Attlee and Stalin

**31.** The International Atomic Energy Agency (IAEA) was established in :

(1) 1951

(2) 1953

(3) 1955

(4) 1957

**32.** Which of the following organization provides loans and grants to member countries for human development (education and health), agriculture and rural development infrastructure and environment protection ?

(1) WTO

(2) World Bank

(3) IMF

(4) UNO

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**28.** निम्नलिखित में से कौन-सा देश वर्ष 2007 में सार्क में शामिल हुआ ?

(1) भूटान

(2) नेपाल

(3) अफगानिस्तान

(4) बांग्लादेश

**29.** निम्नलिखित में से कौन-सा देश दक्षिण एशिया में शामिल ***नहीं*** है ?

(1) पाकिस्तान

(2) चीन

(3) बांग्लादेश

(4) नेपाल

**30.** याल्टा सम्मेलन में 'बिग थ्री' ने प्रस्तावित अंतर्राष्ट्रीय संगठन के बारे में संयुक्त राष्ट्र संघ का एक सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया। 'बिग थ्री' का अर्थ है :

(1) रूज़वेल्ट, चर्चिल और ख्रुशचेव

(2) रूज़वेल्ट, चर्चिल और स्टालिन

(3) डेंग शियाओपिंग, चर्चिल और स्टालिन

(4) कैनेडी, एटली और स्टालिन

**31.** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) की स्थापना कब की गई थी ?

(1) 1951 में

(2) 1953 में

(3) 1955 में

(4) 1957 में

**32.** निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन मानव विकास (शिक्षा और स्वास्थ्य), कृषि और ग्रामीण विकास बुनियादी ढाँचे और पर्यावरण संरक्षण के लिए सदस्य देशों को ऋण और अनुदान प्रदान करता है ?

(1) डब्ल्यू.टी.ओ.

(2) विश्व बैंक

(3) आई.एम.एफ.

(4) यू.एन.ओ.

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**33.** What is the full form of START ?

(1) Strategic Arms Reduction Toll

(2) Strategic Arms Reduction Treaty

(3) Strategic Arms Reduction Tactics

(4) Strategic Arms Reduction Tax

**34.** Which of the following is a threat to Global security ?

(1) Human Rights

(2) Arms Control

(3) Terrorism

(4) Disarmament

**35.** Match **List-I** with **List-II** :

| | **List-I**<br>**Indigenous People** | | **List-II**<br>**Region** |
|---|---|---|---|
| (A) | Mapuche | (I) | East of Panama Canal |
| (B) | Kuna Tribe | (II) | Bangladesh |
| (C) | Indigenous people of Cordillera Region | (III) | Chile |
| (D) | Tribal people of the Chittagong Hill Tracts | (IV) | Philippines |

Choose the correct answer from the options given below :

(1) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)

(2) (A) - (III), (B) - (I), (C) - (IV), (D) - (II)

(3) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (III)

(4) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

**36.** When was the Kyoto Protocol signed ?

(1) 1992

(2) 1995

(3) 1997

(4) 1999

**33.** START (स्टार्ट) का पूर्ण रूप क्या है ?

(1) स्ट्रैटेजिक आर्म्स रिडक्शन टोल

(2) स्ट्रैटेजिक आर्म्स रिडक्शन ट्रीटी

(3) स्ट्रैटेजिक आर्म्स रिडक्शन टैक्टिक्स

(4) स्ट्रैटेजिक आर्म्स रिडक्शन टैक्स

**34.** निम्नलिखित में से कौन-सा वैश्विक सुरक्षा के लिए ख़तरा है ?

(1) मानवाधिकार

(2) हथियार नियंत्रण

(3) आतंकवाद

(4) निरस्त्रीकरण

**35.** **सूची-I** और **सूची-II** का मिलान करें :

| | **सूची-I**<br>**जनजातियाँ (मूलवासी)** | | **सूची-II**<br>**स्थान** |
|---|---|---|---|
| (A) | मापुचे | (I) | पनामा नहर के पूर्व में |
| (B) | कुना जनजाति | (II) | बांग्लादेश |
| (C) | कॉर्डिलेरा क्षेत्र के मूल निवासी | (III) | चिली |
| (D) | चिट्टगाँव पहाड़ी क्षेत्रों के जनजातीय लोग | (IV) | फिलीपींस |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(1) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (III), (D) - (IV)

(2) (A) - (III), (B) - (I), (C) - (IV), (D) - (II)

(3) (A) - (I), (B) - (II), (C) - (IV), (D) - (III)

(4) (A) - (III), (B) - (IV), (C) - (I), (D) - (II)

**36.** क्योटो प्रोटोकॉल पर कब हस्ताक्षर किए गए थे ?

(1) 1992

(2) 1995

(3) 1997

(4) 1999

**37.** When was the Energy Conservation Act passed ?

(1) 1998

(2) 1999

(3) 2001

(4) 2005

**38.** Which of the following global platform brings together Human Rights activists, environmentalists, labour, youth and women activists opposed to neo liberal globalization ?

(1) World Economic Forum

(2) World Social Forum

(3) World Cultural Forum

(4) G-20

**39.** Which of the statement is true about globalization ?

(1) Globalization is purely an economic phenomenon.

(2) Globalization is purely a cultural phenomenon.

(3) Globalization is a multi-dimensional phenomenon.

(4) Globalization has had a universal impact on all states and societies.

**40.** When is 'Ambedkar Jayanti' observed in India ?

(1) January 14

(2) February 14

(3) March 14

(4) April 14

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**37.** ऊर्जा संरक्षण अधिनियम कब पारित हुआ ?

(1) 1998

(2) 1999

(3) 2001

(4) 2005

**38.** निम्नलिखित में से कौन-सा वैश्विक मंच नव उदार वैश्वीकरण का विरोध करने वाले मानवाधिकार कार्यकर्ताओं, पर्यावरणविदों, श्रमिकों, युवाओं और महिला कार्यकर्ताओं को एक साथ लाता है ?

(1) विश्व आर्थिक मंच

(2) विश्व सामाजिक मंच

(3) विश्व सांस्कृतिक मंच

(4) जी-20

**39.** वैश्वीकरण के बारे में कौन-सा कथन सही है ?

(1) वैश्वीकरण विशुद्ध रूप से एक आर्थिक घटना है।

(2) वैश्वीकरण विशुद्ध रूप से एक सांस्कृतिक घटना है।

(3) वैश्वीकरण एक बहुआयामी घटना है।

(4) वैश्वीकरण का सभी राज्यों और समाजों पर सार्वभौमिक प्रभाव पड़ा है।

**40.** भारत में 'अम्बेडकर जयंती' कब मनाई जाती है ?

(1) 14 जनवरी

(2) 14 फरवरी

(3) 14 मार्च

(4) 14 अप्रैल

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**Study the picture given below and answer the five questions that follow :**



**41.** Look at the picture and identify the Logo.

(1) EU

(2) SAARC

(3) UN

(4) ASEAN

**42.** Who was the second Secretary General of UN ?

(1) U. Thant

(2) Trygve Lie

(3) Dag Hammarskjold

(4) Kurt Waldheim

**43.** Which day is celebrated as the UN day ?

(1) $20^{th}$ October

(2) $22^{nd}$ October

(3) $24^{th}$ October

(4) $26^{th}$ October

**नीचे दिए गए चित्र का अध्ययन करें और इसके आगे आने वाले पाँच प्रश्नों के उत्तर दें :**



**41.** चित्र को देखें और प्रतीक चिन्ह की पहचान करें :

(1) यूरोपीय संघ

(2) सार्क

(3) यूएन

(4) आसियान

**42.** संयुक्त राष्ट्र के द्वितीय महासचिव कौन थे ?

(1) यू. थांट

(2) ट्राइग्वी ली

(3) डेग हैमरशोल्ड

(4) कुर्त वाल्डहीम

**43.** किस दिन को संयुक्त राष्ट्र दिवस के रूप में मनाया जाता है ?

(1) 20 अक्टूबर

(2) 22 अक्टूबर

(3) 24 अक्टूबर

(4) 26 अक्टूबर

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**44.** The UN was founded as a successor to which of the following ?

(1) League of Nations

(2) Concert of Europe

(3) Council of Europe

(4) Hague Conference

**45.** Write the full form of UNDP.

(1) United Nations Development Planning

(2) United Nations Development Programme

(3) United Nations Design Programme

(4) United News Development Programme

**Read the following paragraph carefully and answer the five questions that follow.**

In the North-East, regional aspirations reached a turning point in 1980s. This region now consists of seven States, also referred to as the 'Seven Sisters'. The region has only 4 percent of the country's population but about twice as much share of its area. A small corridor of about 22 kilometers connects the region to the rest of the country. Otherwise the region shares boundaries with China, Myanmar and Bangladesh and serves as India's gateway to South-East Asia.

The region has witnessed a lot of change since 1947. Tripura, Manipur and Khasi Hills of Meghalaya were erstwhile Princely States which merged with India after Independence. The entire region of North-East has undergone considerable political reorganisation. Nagaland State was created in 1963; Manipur, Tripura and Meghalaya in 1972, while Mizoram and Arunachal Pradesh became separate States only in 1987. The Partition of India in 1947 had reduced the North-East to a land-locked region and affected its economy. Cut off from the rest of India, the region suffered neglect in developmental terms. Its politics too remained insulated. At the same time, most States in this region underwent major demographic changes due to influx of migrants from neighbouring States and countries.

The isolation of the region, its complex social character and its backwardness compared to other parts of the country have all resulted in the complicated set of demands from different States of the North-East. The vast international border and weak communication between the North-East and the rest of India have further added to the delicate nature of politics there. Three issues dominate the politics of North-East: demands for autonomy, movements for secession, and opposition to 'outsiders'. Major initiatives on the first issue in the 1970s set the stage for some dramatic development on the second and the third in the 1980s.

---

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह

**44.** निम्नलिखित में से किसके उत्तराधिकार के रूप में संयुक्त राष्ट्र की स्थापना की गई थी ?

(1) लीग ऑफ नेशंस

(2) यूरोप का कॉन्सर्ट

(3) काउंसिल ऑफ यूरोप

(4) हेग कॉन्फ़्रेंस

**45.** यू.एन.डी.पी. का पूरा रूप लिखें।

(1) यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्लानिंग

(2) यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम

(3) यूनाइटेड नेशंस डिज़ाइन प्रोग्राम

(4) यूनाइटेड न्यूज़ डेवलपमेंट प्रोग्राम

**निम्नलिखित पैराग्राफ़ को ध्यान से पढ़ें और इसके आगे आने वाले पाँच प्रश्नों के उत्तर दें।**

पूर्वोत्तर में क्षेत्रीय आकांक्षाएँ 1980 के दशक में एक निर्णायक मोड़ पर आ गई थीं। क्षेत्र में सात राज्य हैं और इन्हें 'सात बहनें' कहा जाता है। इस क्षेत्र में देश की कुल 4 फीसदी आबादी निवास करती है। लेकिन भारत के कुल क्षेत्रफल में पूर्वोत्तर के हिस्से को देखते हुए यह आबादी दोगुनी कही जाएगी। 22 किलोमीटर लंबी एक पतली-सी राहदारी इस इलाके को शेष भारत से जोड़ती है। अन्यथा इस क्षेत्र की सीमाएँ चीन, म्यांमार और बांग्लादेश से लगती हैं और यह इलाका भारत के लिए एक तरह से दक्षिण-पूर्व एशिया का प्रवेश-द्वार है।

इस इलाके में 1947 के बाद से अनेक बदलाव आए हैं। त्रिपुरा, मणिपुर और मेघालय का खासी पहाड़ी क्षेत्र, पहले अलग-अलग रियासत थे। आज़ादी के बाद भारत संघ में इनका विलय हुआ। पूर्वोत्तर के पूरे इलाके का बड़े व्यापक स्तर पर राजनीतिक पुनर्गठन हुआ है। नागालैंड को 1963 में राज्य बनाया गया। मेघालय, मणिपुर और त्रिपुरा 1972 में राज्य बने जबकि अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम को 1987 में राज्य का दर्जा दिया गया। 1947 के भारत-विभाजन से पूर्वोत्तर के इलाके भारत के शेष भागों से एकदम अलग-थलग पड़ गए और इसका अर्थव्यवस्था पर इससे दुष्प्रभाव पड़ा भारत के शेष भागों से अलग-थलग पड़ जाने के कारण इस इलाके में विकास पर ध्यान नहीं दिया जा सका। यहाँ की राजनीति भी अपने ही दायरे में सीमित रही। इसके साथ-साथ पड़ोसी राज्यों और देशों से आने वाले शरणार्थियों के कारण इलाके की जनसंख्या की संरचना में बड़ा बदलाव आया।

पूर्वोत्तर का अलग-थलग पड़ जाना, इस इलाके की जटिल सामाजिक संरचना और देश के अन्य हिस्सों के मुकाबले इस इलाके का आर्थिक रूप से पिछड़ा होना, जैसी कई बातों ने एक साथ मिलकर एक जटिल स्थिति पैदा की। ऐसे में पूर्वोत्तर के राज्यों से बड़ी बेतरतीब किस्म की माँगें उठीं। इस इलाके में भारत की अंतर्राष्ट्रीय सीमा रेखा काफी बड़ी है लेकिन पूर्वोत्तर और भारत के शेष भागों के बीच संचार-व्यवस्था बड़ी लचर है। इससे भी पूर्वोत्तर की राजनीति का स्वभाव ज्यादा संवेदनशील रहा। पूर्वोत्तर के राज्यों में राजनीति पर तीन मुद्दे हावी हैं : स्वायत्तता की माँग, अलगाव के आंदोलन और 'बाहरी' लोगों का विरोध। इसमें पहले मुद्दे यानी स्वायत्तता की माँग पर 1970 के दशक में कुछ शुरुआती पहल की गई थी। इससे शेष दो मुद्दों ने 1980 के दशक में नाटकीय मोड़ लिया।

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**46.** North-East region consists of seven States called ______________ .

(1) Seven Sisters

(2) Seven Stars

(3) Seven Seas

(4) Seven Brothers

**47.** Which of the following countries does the North-East region share its boundaries with ?

(1) China, Nepal and Bangladesh

(2) China, Bhutan and Bangladesh

(3) China, Myanmar and Bangladesh

(4) China, Sri Lanka and Bangladesh

**48.** In which year was the State of Nagaland created ?

(1) 1961

(2) 1963

(3) 1965

(4) 1967

**49.** Khasi tribes, an ethnic group, are the inhabitants of which of the following States ?

(1) Manipur

(2) Mizoram

(3) Nagaland

(4) Meghalaya

**50.** The North-East serves as gateway to which of the regions mentioned below ?

(1) South-East Asia

(2) South Asia

(3) West Asia

(4) Europe

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

**46.** पूर्वोत्तर क्षेत्र में सात राज्य हैं जिन्हें __________________ कहा जाता है।

(1) सात बहनें

(2) सात सितारे

(3) सात सागर

(4) सात भाई

**47.** पूर्वोत्तर क्षेत्र निम्नलिखित में से कौन-से देशों से अपनी सीमाएँ साझा करता है ?

(1) चीन, नेपाल और बांग्लादेश

(2) चीन, भूटान और बांग्लादेश

(3) चीन, म्याँमार और बांग्लादेश

(4) चीन, श्रीलंका और बांग्लादेश

**48.** नागालैंड राज्य का गठन किस वर्ष किया गया था ?

(1) 1961

(2) 1963

(3) 1965

(4) 1967

**49.** खासी जनजाति, एक नृजातीय समूह, निम्नलिखित में से किस राज्य के निवासी हैं ?

(1) मणिपुर

(2) मिज़ोरम

(3) नागालैंड

(4) मेघालय

**50.** पूर्वोत्तर निम्नलिखित में से किस क्षेत्र के प्रवेश-द्वार के रूप में कार्य करता है ?

(1) दक्षिण-पूर्व एशिया

(2) दक्षिण एशिया

(3) पश्चिम एशिया

(4) यूरोप

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ़ कार्य के लिए जगह**

# SPACE FOR ROUGH WORK

# रफ़ कार्य के लिए जगह

## SPACE FOR ROUGH WORK

## रफ़ कार्य के लिए जगह

***Read carefully the following instructions :***

8. No candidate will be allowed to leave the OMR Answer Sheet blank. If any OMR Answer Sheet is found blank, it shall be crossed by the Invigilator with his/her signature, mentioning "Cancelled" on it.

9. Do not tear or fold any page of the Test Booklet and OMR Answer Sheet.

10. Candidates are advised to ensure that they fill the correct particulars on the OMR Answer Sheet, i.e., Application No., Roll No., Test Booklet No., Name, Mother's Name, Father's Name and Signature.

11. In case of any discrepancy in any question between English and Hindi/Regional language version, the English version will be considered as the final version for evaluation.

12. Rough work is to be done in the space provided for this purpose in the Test Booklet only.

13. The answers will be evaluated through electronic scanning process. Incomplete or incorrect entries may render the OMR Answer Sheet invalid.

14. Candidates are advised not to fold or make any stray marks on the OMR Answer Sheet. Use of Eraser, Nail, Blade, White Fluid/Whitener, etc., to smudge, scratch or damage in any manner the OMR Answer Sheet during examination is strictly prohibited. Candidature and OMR Answer Sheet of candidates using Eraser, Nail, Blade or White Fluid/Whitener to smudge, scratch or damage in any manner shall be cancelled.

15. There will be one copy of OMR Answer Sheet i.e., the Original Copy. After the examination is over, the candidate shall hand over the OMR Answer Sheet to the Invigilator. The candidate can take away the Test Booklet after the examination is over. If the candidate does not hand over the OMR Answer Sheet to the Invigilator and goes away with the OMR Answer Sheet, his/her candidature shall be cancelled and criminal proceedings shall also be initiated against him/her.

16. Candidates are advised strictly not to carry handkerchief, any mobile phone, any type of watch, belt or wear ornaments like ring, chain, ear-ring, etc., electronic or communication device, pen, pencil, eraser, sharpener and correction fluid to the Examination Centre. If any candidate is found possessing any such item, he/she will not be allowed to enter the examination centre. Possession of a mobile phone or any other aiding material as mentioned above by the candidate in the examination room will be treated as a serious violation and it may lead to cancellation of the candidature and debarring him/her from future examinations.

17. If a candidate violates any instructions or shows any indiscipline or misbehaviour, appropriate action will be taken including cancellation of candidature and debarring from future examinations.

18. Use of electronic/manual calculator is **not** allowed.

***निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें :***

8. किसी भी परीक्षार्थी को ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक रिक्त छोड़ने की अनुमति नहीं है । यदि कोई ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक रिक्त पाया जाता है, तो निरीक्षक उस ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक को क्रॉस कर उस पर "रद्द" लिख कर अपने हस्ताक्षर कर देगा/देगी ।

9. परीक्षण पुस्तिका और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक के किसी भी पृष्ठ को न तो फाड़ें और न ही मोड़ें ।

10. परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उन्होंने ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर बिलकुल सही-सही विवरण, अर्थात् आवेदन संख्या, अनुक्रमांक, परीक्षण पुस्तिका संख्या, नाम, माता का नाम, पिता का नाम और हस्ताक्षर भली-भांति भरा है ।

11. यदि किसी प्रश्न में, उसके अंग्रेज़ी संस्करण और उसके हिन्दी/क्षेत्रीय भाषा के भाषांतर में कोई विसंगति/अंतर है, तो ऐसी स्थिति में उस प्रश्न के अंग्रेज़ी संस्करण को ही अंतिम मानते हुए मूल्यांकन किया जाएगा ।

12. रफ कार्य परीक्षण पुस्तिका में ही, इसके लिए दिए गए निर्धारित स्थान में किया जाना है ।

13. उत्तरों का मूल्यांकन इलेक्ट्रॉनिक स्कैनिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा । अपूर्ण या ग़लत प्रविष्टियाँ ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक को अमान्य कर सकती हैं ।

14. परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक न मोड़ें, और न ही उस पर कोई अवांछित चिह्न बनाएँ । परीक्षा के दौरान ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर इरेज़र, नाखून, ब्लेड, व्हाइट फ्लुइड/व्हाइटनर आदि का प्रयोग करना, जिससे ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर किसी तरह का धब्बा, खरोंच, या कोई क्षति होती हो, सख़्त वर्जित है । इरेज़र, नाखून, ब्लेड या व्हाइट फ्लुइड/व्हाइटनर आदि का इस्तेमाल कर ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर किसी तरह का धब्बा, खरोंच, या कोई क्षति पहुँचाने वाले परीक्षार्थियों की अभ्यर्थिता (कैंडीडेचर) और उनके ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक को रद्द कर दिया जाएगा ।

15. ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक की एक प्रति, अर्थात् मूल प्रति ही होगी । परीक्षा समाप्त हो जाने पर परीक्षार्थी ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक निरीक्षक को सौंप देंगे । परीक्षा समाप्ति के बाद परीक्षार्थी परीक्षण पुस्तिका अपने साथ ले जा सकते हैं । यदि परीक्षार्थी ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक निरीक्षक को नहीं सौंपता है और ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक भी अपने साथ ले कर चला जाता है, तो उसकी अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी और उसके विरुद्ध आपराधिक कार्यवाही भी शुरू कर दी जाएगी ।

16. परीक्षार्थियों को सलाह दी जाती है कि परीक्षा केन्द्र में अपने साथ रूमाल, कोई मोबाइल फ़ोन, किसी भी प्रकार की घड़ी, बेल्ट या शरीर पर धारण की हुई अंगूठी, चेन, कोई कर्ण-आभूषण आदि, इलेक्ट्रॉनिक या संचार उपकरण, पेन, पेंसिल, इरेज़र, शार्पनर और करेक्शन फ्लुइड बिलकुल न लेकर जाएँ । यदि किसी भी परीक्षार्थी के पास ऐसी कोई भी वस्तु पाई जाती है, तो उसे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी । परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थी के पास उपर्युक्त मोबाइल फ़ोन या ऐसी कोई सहायक वस्तु मिलने पर इसे गंभीर उल्लंघन माना जाएगा, जिससे उस परीक्षार्थी की अभ्यर्थिता रद्द करने के साथ-साथ उसे भावी परीक्षाओं से विवर्जित किया जा सकता है ।

17. यदि परीक्षार्थी अनुदेशों का पालन नहीं करता है, या किसी प्रकार का कदाचार या अनुशासन-हीनता प्रदर्शित करता है, तो उपयुक्त कार्रवाई, जिसमें अभ्यर्थिता का निरसन और भावी परीक्षाओं से विवर्जित करना शामिल है, की जाएगी ।

18. इलेक्ट्रॉनिक/मैनुअल कैल्कुलेटर के प्रयोग की अनुमति **नहीं** है ।